HAMIRPUR POLICE

::एंटीरोमियों चेकिंग/जागरूकता अभियान::

आज दिनांक 02/10/2020 को जनपद हमीरपुर के समस्त थानों की एंटीरोमियों टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस अड्डा/सार्वजनिक स्थानों/प्रमुख चौराहों के आस-पास में एंटीरोमियों चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान बिना वजह घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही एंटीरोमियो टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव/कस्बे एवं सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बंध वार्ता की गई व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित एप्लिकेशन/112 नंबर/वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090 यूपी कॉप/पुलिस सोशल मीडिया के बारे में बताकर जागरूक किया गया साथ ही महिलाओं को उच्चाधिकारियों के मोबाईल नंबर से अवगत कराया गया एवं सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क लगाने के लिए जागरूक किया गया।

HAMIRPUR POLICE

आज दिनाँक 02/10/2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय व अन्य अधिकारीगणों द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर मे दोनो महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित समस्त अधि0/कर्म0गणों को महापुरुषों के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

HAMIRPUR POLICE

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जनपद जनपद हमीरपुर के समस्त थानों में उनकी प्रतिमा चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं आपसी बंधुता, राष्ट्रीय एकता एवं अपने आस-पास स्वच्छता रखने की भी शपथ दिलाई गयी साथ ही थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

HAMIRPUR POLICE

02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना जरिया पुलिस द्वारा धारा 147/323/504/506/306 भा0द0सं0 के वांछित अभि0गण

1 पुष्पेन्द्र यादव पुत्र कट्टन

2. भगोना उर्फ भगवानदीन पुत्र रामसिंह नि0गण अतरौली थाना जरिया जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u>

1. एसएसआईअरविन्द कुमार मौर्य
2. आरक्षी अनिल राजपूत
3. आरक्षी सन्तोष कुमार

HAMIRPUR POLICE

थाना-ललपुरा)01 किलों 200 ग्राम अवैध गांजा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना ललपुरा पुलिस द्वारा सबल सिंह पुत्र शिवचरन सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम नदेहरा थाना ललपुरा जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 किलों 200 ग्राम गांजा प्लास्टिक की सफेद बोरी में बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के वविरुद्ध मु0अ0सं0 119/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

HAMIRPUR POLICE

22 अदद अवैध देशी क्वार्टर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

थाना जलालपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बस स्टैंड ग्राम धौहल से एक व्यक्ति से 22 अदद देसी क्वार्टर(झूम)कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 162/2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

नाम पता अभियुक्त-

पिंटू यादव पुत्र जय सिंह यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम धौहल बुजुर्ग थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर।

बरामदगी-

22 अदद देसी क्वार्टर (झूम) रंग सफेद कच्ची शराब नाजायज।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उपनिरीक्षक श्री मोहम्मद सलीम
2. कांस्टेबल सुजीत कुमार।

HAMIRPUR POLICE

आज दिनांक 02/10/2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महापुरुषों की फ़ोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई व अधिकारियों/कर्मचारियों को समर्पित होकर अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।